# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक :सम्ब / 1927 / 2026 दिनांक : 21 / 09 / 2026

सेवा में,

1. प्रो0 बी0एस0 शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, नोडल "सेवा संकल्प अभियान।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, प्रभारी, समन्वयक, आवासीय संस्थान, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयए जनपद–आगरा।

**विषयः 'मेरे सपनों का भारतः चित्र सेवा' के अन्तर्गत विश्वविद्यालय स्तरीय ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के संबंध में।**

**महोदय / महोदया,**

उपर्युक्त विषयक शासन के निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या सम्ब0 / 1891 / 2026 दिनांक 14.09.2026 (संशोधित) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त के क्रम में 'सेवा संकल्प अभियान' के अन्तर्गत **'मेरे सपनों का भारतः चित्र सेवा'** ड्राइंग कार्यक्रम दिनांक 22.09.2026 के स्थान पर दिनांक 29.09.2026 किया जाना सुनिश्चित हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन निम्नानुसार किया जाना है–

**दिनांक : 29 सितम्बर, 2026 (मंगलवार)**
**समय : प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक**
**स्थान : विवेकानन्द परिसर, खन्दारी, आगरा**

अतः समस्त संबंधित महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि उनके चयनित छात्र–छात्राएँ ड्राइंग बोर्ड सहित निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक समन्वय एवं व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. प्रभारी–कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. प्रो0 बी0एस0 शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, नोडल 'सेवा संकल्प अभियान'।
3. डॉ0 मनोज कुमार, ललित कला संस्थान, आगरा, सह–नोडल 'सेवा संकल्प अभियान'।
4. डॉ0 बृजेन्द्र कुमार, राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद, आगरा, सह–नोडल 'सेवा संकल्प अभियान'।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett